**19/06**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि युवाओं को अनगिनत मौके देकर उन्हें सशक्त बनाना 'विकसित भारत' का मुख्य लक्ष्य है। युवा मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया का लिखा एक लेख शेयर करते हुए, प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने और बदलाव लाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल होने में भी मदद करेगी। अपने लेख में, केंद्रीय मंत्री मंडाविया ने कहा कि 2013 में 'फ्रैजाइल फाइव' में गिने जाने के बाद से, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, उसने दुनिया के सबसे बड़े स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में से एक बनाया है, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी बना है और वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत की है।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक ने आज लोक भवन, ईटानगर में 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए राज्य वित्त लेखा परीक्षा रिपोर्ट की समीक्षा की। प्रधान लेखाकार, वनलाल चुआंगा ने राज्य की राजकोषीय स्थिति, राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन प्रावधानों के अनुपालन, समग्र वित्तीय स्वास्थ्य और अनुपालन रिपोर्टों पर की गई कार्रवाई की स्थिति पर एक विस्तृत पावरपॉइंट ब्रीफिंग प्रस्तुत की।

राज्यपाल ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट की समीक्षा बैठक करते हुए वित्तीय प्रबंधन और परियोजना कार्यान्वयन में बार-बार आ रही कमियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पाया कि राज्य का सीमित कामकाजी मौसम, कार्यान्वयन में देरी के साथ, अक्सर मार्च के अंतिम महीने के दौरान धन का उपयोग करने में जल्दबाजी होती है, जिससे दक्षता और परिणाम प्रभावित होते हैं। सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि बजट आवंटन से पहले अच्छी वित्तीय योजना शुरू होनी चाहिए। राज्यपाल ने पारदर्शिता, जवाबदेही और राज्य के समग्र वित्तीय स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए अधिक कम्प्यूटराइजेशन और टेक्नॉलोजी आधारित निगरानी के जरिए इंटिग्रेटेट फाईनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम को मजबूत करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

00000000000000000000

राष्ट्रीय महिला आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक एडवाइज़री जारी की है। इसमें 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम दो हजार तेरह के तहत व्यापक उपायों को तुरंत और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कहा गया है। आयोग ने कहा कि इस एडवाइज़री में राज्य सरकारों और ज़िला प्रशासनों द्वारा तुरंत कार्रवाई के लिए 18 उपाय सुझाए गए हैं। आयोग ने यह भी बताया कि यह एडवाइज़री सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को भेजी गई है।

ज़मीनी स्तर पर इसे लागू करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने देशभर के सभी ज़िला मजिस्ट्रेटों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस आयुक्तों को भी यह एडवाइज़री भेजी है।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज अरुणाचल प्रदेश इनोवेशन एंड इन्वेस्टमेंट पार्क में अत्याधुनिक 'डू इट योरसेल्फ' लैब का उद्घाटन किया और एपीआईआईपी में आयोजित स्टार्टअप इन्वेस्टमेंट पिचिंग सत्र में भाग लिया। नव स्थापित DIY लैब 3डी प्रिंटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, खाद्य गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और एक समर्पित ब्रांडिंग क्षेत्र सहित उन्नत उत्पाद प्रोटोटाइप सुविधाओं से सुसज्जित है। इस सुविधा को बड़े पैमाने पर विनिर्माण में प्रवेश करने से पहले स्टार्टअप को प्रयोग करने, प्रोटोटाइप विकसित करने और अपने उत्पादों को परिष्कृत करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे उत्पाद की गुणवत्ता और बाजार की तैयारी में वृद्धि होगी।

0000000000000000000

आई ए एस सचिव, ग्रामीण विकास और पंचायती राज डॉ. सोनल स्वरूप ने आज ईटानगर में ArSRLM स्टेट मिशन मैनेजमेंट यूनिट कॉन्फ्रेंस हॉल में 'लखपति दीदी पहल' पर राज्य-स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक बुलायी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए, डॉ. सोनल स्वरूप ने इस बात पर ज़ोर दिया कि राज्यभर में पहचानी गई संभावित 'लखपति दीदियों' को सभी संबंधित राज्य और केंद्र-प्रायोजित योजनाओं के तहत प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने SHG सदस्यों के लिए आजीविका के मौकों को बढ़ाने और उनकी आय में वृद्धि करने के लिए अलग-अलग विभागों के बीच तालमेल को मज़बूत करने के महत्व पर ज़ोर दिया। 'लखपति दीदी' भारत सरकार और अरुणाचल प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका मकसद नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन (NRLM) के तहत स्वयं-सहायता समूहों (SHGs) से जुड़ी महिलाओं को सालाना ₹1 लाख या उससे ज़्यादा की टिकाऊ घरेलू आय हासिल करने में सक्षम बनाना है। यह पहल ग्रामीण परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आजीविका के अलग-अलग मौकों को बढ़ावा देने, उद्यमिता विकास, कौशल बढ़ाने, वित्तीय समावेशन और विभिन्न सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के साथ तालमेल बिठाने पर ध्यान केंद्रित है।

0000000000000000000000

आज लिकाबली के सर्किट हाउस कॉन्फ्रेंस हॉल में 'उद्यम रजिस्ट्रेशन' और 'FSSAI रजिस्ट्रेशन' पर एक वर्कशॉप और जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसका मकसद उद्यमियों, स्वयं-सहायता समूहों (SHGs), कारोबारियों और नए उद्यमियों को बिज़नेस रजिस्ट्रेशन और फ़ूड सेफ्टी नियमों के पालन के महत्व के बारे में जागरूक करना था। यह वर्कशॉप जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय उद्यमियों व बिज़नेस प्रतिष्ठानों को उद्यम और FSSAI रजिस्ट्रेशन के तहत मिलने वाले फायदों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक अहम मंच साबित हुआ, जिससे जिले में उद्यमिता को बढ़ावा मिला और फ़ूड सेफ्टी मानकों को सुनिश्चित किया जा सका।

0000000000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर ने अरुणाचल प्रदेश के 20 ज़िलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन ज़िलों में कहीं-कहीं बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000000000